ज्ञान शांति मैत्री

# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

***Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha***

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997 क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

(A Central University Established by parliament by Act No. 3 of 1997)

नैक द्वारा **'A'** ग्रेड प्रदत्त / **NAAC Accreditation 'A' Grade**

प्रो. (डॉ.) कृपाशंकर चौबे

**Prof. (Dr.) Kripa Shankar Chaubey**

अध्यक्ष, जनसंचार विभाग

**Head, Department of Mass Communication**

पत्रांक : 26/2004/ज.वि./ /2022

दिनांक : 29. 07.2022

## सूचना

ईटीवी भारत हमारे विश्वविद्यालय में कैंपस प्लेसमेंट करने जा रहा है। ईटीवी ऐसे उपयुक्त उम्मीदवारों की तलाश कर रहा है जो उसकी युवा और गतिशील टीम का हिस्सा बन सकें।

**उम्मीदवारों के लिए आवश्यक योग्यता:**

1. पत्रकारिता और जनसंचार में प्रथम श्रेणी में स्नातक या स्नातकोत्तर डिग्री।
2. हिंदी भाषा पर उत्कृष्ट पकड़।
3. करेंट अफेयर्स का अच्छा ज्ञान।
4. निर्णय लेने का कौशल।

**चयन की प्रक्रिया:**

1. पात्रता मानदंड को पूरा करने वाले छात्रों के लिए हिंदी में एक ऑनलाइन लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी।
2. लिखित परीक्षा कंप्यूटर के जरिए होगी। इस लिखित परीक्षा में हिंदी के मंगल अथवा कृतिदेव फॉन्ट में टाइपिंग करना अनिवार्य होगा।
3. लिखित परीक्षा में हिंदी भाषा कौशल, समाचार ज्ञान, समाचार लेखन कौशल और राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय मुद्दों के प्रति छात्रों की जागरूकता का परीक्षण किया जाएगा।
4. लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रों का साक्षात्कार लिया जाएगा।

जन./जा. क्र. 975
हि.वि.क्र.
दिनांक 29/07/2022

लिखित परीक्षा के लिए इच्छुक विद्यार्थी अपना संक्षिप्त परिचय (पूरा नाम, पिता का नाम, स्थाई पता, शैक्षणिक योग्यता आदि) तथा निम्नलिखित विवरण विभाग को 30 जुलाई 2022 को दोपहर 12 बजे तक उपलब्ध कराएं।

1.विद्यार्थी की 10वीं और 12वीं कक्षा में उत्तीर्ण ग्रेड और स्कूल का नाम।

2. 10वीं और 12वीं कक्षा में हिंदी भाषा में अंक का विवरण।

3. बी.ए. की डिग्री का अंक पत्र।

4. एम.ए. के छात्रों के लिए उनकी एमए की डिग्री क्रेडिट के साथ।

5. इंटर्नशिप विवरण की संपूर्ण जानकारी।

6. उम्मीदवारों ने कोई परियोजना तैयार की हो तो उसकी संपूर्ण जानकारी।

7. अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों में प्राप्त सम्मान और पुरस्कार आदि का विवरण।

8. समाचार पत्र, न्यूज चैनल और डिजिटल माध्यम में कार्य का अनुभव इत्यादि।

इस कैंपस ड्राइव में जो विद्यार्थी उपयुक्त पाए जाएंगे, उन्हें रामोजी फिल्म सिटी के ईटीवी भारत संपादकीय मुख्यालय (ईटीवी भारत न्यूज सेंटर) में काम करना होगा।

29.7.22

अध्यक्ष, जनसंचार विभाग

प्रतिलिपि :

1. मा. कुलपति महोदय, म.गां.अं.हि.वि.वर्धा
2. कुलसचिव महोदय (सूचनार्थ एवं वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु) 29/07/22